आज का इतिहास 7 अक्टूबर

1552 अंग्रेजी भाषा के कवि और खोजी सर वाल्टर रैले का जन्म।

1879 ब्रिटेन ने अफगानिस्तान पर हमला किया।

1919 गांधीजी की नवजीवन पत्रिका का प्रकाशन शुरू हुआ।

1949 पूर्वी जर्मनी में जनवादी गणराज्य की स्थापना हुई थी।

1950 मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ चैरिटीज की स्थापना की।

1958 पाकिस्तान में राष्ट्रपति सिकंदर मिर्जा ने मार्शल लॉ लागू किया।

1963 अमरीकी ब्रिटेन और सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण निबंध संधि पर हस्ताक्षर किए।

1967 यूनान की सैनिक सरकार ने निष्कासित प्रधानमंत्री और अन्य पर लगे प्रतिबंध उठा लिए।

1970 संयुक्त अरब गणराज्य के उपराष्ट्रपति अनवर सादात ने राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला।

1976 सैनिक सरकार ने थाईलैंड में स्थिति सामान्य बनाने के लिए प्रतिबंधों में ढील देनी शुरू की।

1981 मिस्त्र के उपराष्ट्रपति हुस्नी मुबारक राष्ट्रपति अनवर सादात के उत्तराधिकार मनोनीत किए गए।

1985 फलीस्तीनियों ने इटली के युद्धपोत आशिल लारे का भूमध्य सागर में अपहरण कर लिया।

1987 तिब्बत की राजधानी लहासा में लोकतंत्र समर्थकों को रोकने के लिए चीनी पुलिस ने सड़कों पर व्यवधान खड़े किए।

1988 यूगोस्लाविया में जनता ने अक्षम कम्युनिस्ट नेताओं को हटाने की मांग की।

2005 सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधानसभा को भंग करने के फैसले को असंवैधानिक ठहराया।

पीएम मोदी की सांपला रैली बनी सीएम की प्रतिष्ठा, तैयारी में जी जान से जुटे

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सांपला में होने वाला कार्यक्रम व रैली केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के साथ ही मुख?यमंत्री मनोहरलाल के लिए भी प्रतिष्?ठा का प्रश्न बन गई है। दीनबंधू छोटूराम की प्रतिमा के अनावरण पर होने वाली इस रैली के लिए मनोहरलाल और बीरेंद्र सिंह के साथ सरकार व संगठन ने पूरी तकात लगा दी है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह प्रधानमंत्री की यह रैली भाजपा के लिए बेहद महत्?वपूर्ण मानी जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी की रैली के लिए प्रदेश सरकार ने फिलहाल 18 तेजतर्रार एचसीएस अफसर और 30 डीएसपी मैदान में उतारे हैं। एचसीएस अफसर जहां रविवार को स्थानीय उपायुक्त को रिपोर्ट करेंगे, वहीं सभी डीएसपी शनिवार को ही पूरे दल-बदल के साथ मोर्चा संभालेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने पूरी ताकत झोंक रखी है। भले ही कार्यक्रम के मुख्य आयोजक केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह हैं, मुख्यमंत्री मनोहर लाल इसे सरकार और संगठन की प्रतिष्ठा से जोड़कर देख रहे हैं।

सरकार की कोशिश है कि रैली रिकॉर्ड तोड़ होनी चाहिए जिसे आगामी चुनावी बेला में कैश किया जा सके। रैली की तैयारियों को लेकर संजीदा मुख्यमंत्री मनोहर लाल खुद रोहतक जाकर पूरे इंतजामों का जायजा ले चुके। इसके अलावा सचिव स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर पुलिस महानिदेशक तक समारोह स्थल का दौरा कर पूरे इंतजामों पर नजर रखे हैं।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम रहेंगे। विशेष रणनीति के तहत समारोह स्थल पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए रोहतक से लगते भिवानी, सोनीपत, झज्जर, जींद और पानीपत जिलों के अफसरों को तरजीह दी गई है। हालांकि सुरक्षा इंतजाम संभालने के लिए पूरे प्रदेश से डीएसपी और जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। रैली में आने वाले लोगों को परेशानियों से न जूझना पड़े, अफसरों को इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश हैं।

करनाल से कमांडो की दो प्लाटून और 20 मोटरसाइकिल दस्तों को कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा में तैनात किया गया है। आइपीएस अश्विन घुड़सवार दल का जिम्मा संभालेंगे। स्थानीय डीएसपी रमेश कुमार पायलट ड्यूटी संभालेंगे तो मोहम्मद जमाल काफिले को एस्कार्ट करेंगे। कार्यक्रम के दौरान 60 इंस्पेक्टरों के साथ 1800 पुलिस जवान सुरक्षा संभालेंगे, जबकि यातायात का जिम्मा सौ ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों को सौंपा गया है। इसके अलावा 220 एनजीओ को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं।

ऑनर किलिंग

दूसरी जाति के नौजवान से करती थी प्यार, परिजनों ने बेटी को मार डाला

सोनीपत। दूसरी जाति के युवक से प्रेम करना एक किशोरी को भारी पड़ गया। परिजनों ने किशोरी को इसकी खौफनाक सजा दी। मामला हरियाणा के सोनीपत जिले का है। दूसरी जाति के युवक से प्रेम प्रसंग के चलते परिजनों ने अपनी नाबालिग बेटी की हत्या कर शव जला दिया। चार दिन बाद युवक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने किशोरी के छह परिजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

शुक्रवार को पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ यमुना घाट पर जाकर सबूत जुटाए। मामले में दिनभर पंचायत भी हुई। वहीं, किशोरी के परिजनों ने उसकी मौत को स्वाभाविक बताया है। जिस युवक से किशोरी का प्रेम प्रसंग था वह फिलहाल किशोरी की मां से दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद है।

शुक्रवार को राई पुलिस को एक व्यक्ति ने सूचना दी कि एक परिवार ने अपनी 16 साल की बेटी की दो अक्तूबर की रात हत्या कर दी। तीन अक्तूबर को तड़के शव को यमुना किनारे ले जाकर जला दिया। व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने हत्या और शव को खुर्द-बुर्द करने का मुकदमा दर्ज कर लड़की के छह परिजनों को नामजद किया है।

व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे का किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किशोरी की मां ने पहले उसके बेटे पर दुराचार के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराकर जेल भिजवा दिया। अब अपनी बेटी की हत्या कर दी। डीएसपी हेड क्वार्टर जितेंद्र कुमार का कहना है कि, व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज करके जांच की जा रही है। एफएसएल की टीम ने यमुना तट से सबूत जुटाए हैं। जांच के बाद ही पता चलेगा कि सचाई क्या है?

उधर, किशोरी के परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी की मौत पेट में दर्द होने की वजह से हुई है। उसे पहले बुखार हुआ था। बाद में पेट दर्द के बाद उसकी मौत हो गई। उन्होंने गांव के लोगों के बीच अंतिम संस्कार सुबह करीब साढ़े नौ बजे किया था। परिजनों ने स्वीकार किया कि जिस युवक के पिता ने आरोप लगाया है उसका बेटा पिछले दिनों उनके घर में घुस आया था। इस कारण उस पर केस दर्ज कराया गया है और वह जेल में है।

साली को मौसेरे भाई के पास छोड़ गया जीजा, फिर दोनों मिलकर करते रहे ऐसी हरकत

पानीपत। किला थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी ने जीजा और एक अन्य पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोपित ने मामला दबाने के लिए पीड़िता की बड़ी बहन से मारपीट कर घर से निकालने के साथ ही कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के पिता ने एसपी मनबीर सिंह से मिलकर घटना की जानकारी दी। एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

किशोरी ने बताया कि उसके जीजा का किला थाना क्षेत्र में ज्वेलरी शोरूम है। फोन पर बातचीत करते-करते आरोपित ने उसे पैसों और जेवरात का लालच दिखाया। अगस्त माह में आरोपित उसे बहला-फुसला कर सोनीपत ले गया और मौसेरे भाई के पास छोड़ दिया। यहां आरोपितों ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

किशोरी ने विरोध किया तो जीजा ने शादी करने की बात कही। कुछ दिन बाद जब किशोरी के परिजनों को उनके सोनीपत में होने का पता चला तो आरोपित उसे पानीपत की एकता विहार कॉलोनी में ले आया। यहां किराये पर कमरा लेकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

पीड़िता के पिता ने बताया कि आरोपित किशोरी के साथ मारपीट भी करते थे। किसी को कुछ बताने पर उसके भाई और विवाहित बहन को जान से मारने की धमकी देते थे। इस डर से वह चुप रही। इसी बीच आरोपितों ने वाट्सएप पर किशोरी की फोटो वायरल की तो एकता विहार कालोनी के किसी व्यक्ति ने उन्हें इसके बारे में बताया। इसके बाद किशोरी का चाचा मौके पर पहुंचा तो आरोपित उसके साथ मारपीट कर फरार हो गए।

पीड़ित किशोरी की गर्भवती बहन ने बताया कि उसने पति का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। दोबारा घर में घुसने पर जान से मारने की धमकी दी।

65 फीट ऊंची है अष्टधातु निर्मित दीनबंधु छोटूराम की प्रतिमा, लगा 30 क्विंटल लोहा

सांपला (रोहतक)। किसानों के मसीहा माने जाने वाली सर दीनबंधु छोटूराम की प्रतिमा अष्?टधातु से बनाई गई है। इसके निर्माण के लिए पूरे हरियाणा से लोहा एकत्र किया गया है। इसके निर्माण में 30 क्विंटल लोहे का इस्?तेमाल किया गया है। पद्मभूषण राम वी सुतार ने 65 फीट ऊंची इस प्रतिमा को गढ़ा है। 9 अक्टूबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

दीनबंधू छोटूराम के नाती केंद्रीय इस्पात मंत्री बीरेंद्र सिंह की इस परिकल्पना को साकार करने की जिम्मेदारी छोटूराम विचार मंच ने उठाई। पद्मभूषण से सम्मानित राम वी सुतार ने इसे डिजाइन किया और मूर्तरूप प्रदान किया। करीब 65 फीट ऊंची प्रतिमा को करीब 20 फीट ऊंचे प्लेटफार्म पर स्थापित किया गया है। प्रतिमा तैयार हो चुकी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसके अनावरण का कार्यक्रम तय होते ही स्?मारक के बाकी कार्य भी पूरे किए जा रहे हैं। प्रतिमा के चारों तरफ करीब दो फीट चौड़ी गैलरी बनाई जा रही है। गैलरी में दीनबंधु छोटूराम के जीवनवृत्त को उकेरा जाएगा।

छोटूराम विचार मंच के प्रदेश महासचिव रणबीर गढ़ी बताते हैं कि चारों तरफ लाइट लगाई गई है, जिससे रात को भी दूर से प्रतिमा दिखाई देगी। प्रतिमा के पास में ही एक हॉल का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। इस स्?क्रीन पर दीनबंधू छोटूराम के जीवन पर तैयार डॉक्यूमेंट्री चलती रहेगी। इस पर कार्य अभी चल रहा है। यहां पर बनाए गए संग्रहालय में दीनबंधु छोटूराम का हुक्का रखा गया है। इसे लाहौर से लाया गया है। इसके साथ ही लाहौर से लाया गया मूढ़ा भी लोगों को आकर्षित करेगा। इस पर मूढ़ा पर दीनबंधु छोटूराम बैठते थे।

दीनबंधु की प्रतिमा के लिए तीन जगह से पत्थर मंगाया गया है। सफेद पत्थर राजस्थान के जोधपुर से मंगाया गया है तो लाल पत्थर भरतपुर व बयाना से आया है।

पद्मभूषण से सम्मानित प्रख्यात शिल्पकार राम वी सुतार ने कई महत्वपूर्ण प्रतिमाओं को गढा है। वह केंद्र सरकार के बड़े प्रोजेक्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी (सरदार पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा) को पूरा कर रहे हैं। इसे नर्मदा बांध के पास स्थापित किया जाएगा। वह अन्य राज्यों में भी कई महत्वपूर्ण प्रतिमाओं को डिजाइन कर चुके हैं।

पंचकूला में होगा देश के सबसे ऊंचे रावण के पुतले का दहन, 30 लाख में बनेगा

पंचकूला। इस बार देश का सबसे ऊंचे रावण के पुतले का पंचकूला में दहन किया जाएगा। रावण के इस पुतले को अंतिम रूप देने में कारीगर जुटे हुए हैं। 215 फीट इस पु?तले का विजयदशमी पर दहन होगा। पुतले के निर्माण पर करीब 30 लाख रुपये की लागत आएगी। यह पुतला सेक्टर पांचके हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के ग्राउंड (शालीमार ग्राउंड) में जलाया जाएगा। इससे पहले अंबाला जिले के बराड़ा में देश का सबसे बड़ा पुतला जलाया जाता था। इसके निर्माण में श्री माता मनसा देवी चेरिटेबल ट्रस्ट, आदर्श रामलीला ड्रामेटिक क्लब पंचकूला और श्रीराम लीला क्लब बराड़ा का संयुक्त योगदान है। इससे पूर्व पिछले कई वर्षों से अंबाला के बराड़ा में सबसे ऊंचे रावण के पुतले का दहन होता रहा है।

राशि फल

मेष :- आशानुकूल सफलता का हर्ष, धन का लाभ, बिगड़े कार्य अवश्य ही बनेंगे, ध्यान रखें।

वृष :- विवादस्पद स्थितियां सामने आयेंगी, इष्ट मित्रों से तनाव बना ही रहेगा।

मिथुन :- समय की अनुकूलता से लाभांवित हों, आशानुकूल सफलता से लाभ अवश्य होगा।

कर्क :- आर्थिक असमंजस, विरोधियों से लाभ, किन्तु तनाव तथा मानसिक बेचैनी कष्टप्रद हो।

सिंह :- अशुद्ध गोचर रहने से विशेष कार्य स्थिगित रखें किन्तु धन का लाभ, विभ्रम होगा।

कन्या :- समय की अनुकूलता से लाभांवित हों, वाद-विवाद से मन में अस्थिरता बन जायेगी।

तुला :- तनाव, क्लेश व अशांति, विवाद किन्तु अर्थलाभ, कार्य-सिद्धी होगी, मन में हर्ष होगा।

वृश्चिक :- लेनदेन के मामले में हानि, विरोधी तत्व कष्टप्रद रखें, मित्रों से क्लेश होगा।

धनु :- सतर्कता से कार्य करें, इष्ट मित्र फलप्रद रहें, मित्रों से क्लेश व अशांति अवश्य होगी।

मकर :- दैनिक कार्यगति में बाधायें आयेंगी, मन असमंजस में रहे किन्तु समय अनुकूल है।

कुम्भ :- प्रत्येक कार्य में बाधा असमंजस में रखें किन्तु समय की अनुकूलता का लाभ लेवें।

मीन :- कुटुम्ब की चिन्ताएङ्ग मन व्यग्र रखें, कार्य विफलत्व से परेशानी अवश्य बनेगी।

काकुरो पहेली - 4535



[illegible]

काकुरो - 4534 का हल



Jagranjosh.com, Bangalore

दैनिक पंचांग

07 अक्टूबर 2018 की सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



रविवार 2018 वर्ष का 280 वां दिन

दिशाशूल पश्चिम ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2075 शक संवत् 1940

मास आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) पक्ष कृष्ण

तिथि त्रयोदशी 14.03 बजे को समाप्त। नक्षत्र पूर्वाफाल्गुनी 15.18 बजे को समाप्त। योग शुक्ल (शुभ) 20.33 बजे को समाप्त। करण वणिज 14.03 बजे तदनन्तर विष्टि 00.46 बजे रात को समाप्त। चन्द्रायु 24.2 घण्टे

रवि क्रान्ति दक्षिण 5° 24'

सूर्य दक्षिणायन कलि अहर्गण 1869933

जूलियन दिन 2458398.5

कलियुग संवत् 5119

कल्पारंभ संवत् 1972949117

सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885117

वीरनिर्वाण संवत् 2544

हिजरी सन् 1440

महीना मोहर्रम तारीख 26

विशेष त्रयोदशी श्राद्ध, चतुर्दशी श्राद्ध, मासिक शिवरात्रि।

ग्रह स्थिति	
सूर्य	कन्या में
चंद्र	सिंह में
मंगल	मकर में
बुध	तुला में
गुरु	तुला में
शुक्र	तुला में
शनि	धनु में
राहु	कर्क में
केतु	मकर में

राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक

लग्नारंभ समय	
तुला	6.43 बजे से
वृश्चिक	8.58 बजे से
धनु	11.16 बजे से
मकर	13.19 बजे से
कुंभ	15.05 बजे से
मीन	16.36 बजे से
मेष	18.09 बजे से
वृष	19.49 बजे से
मिथुन	21.47 बजे से
कर्क	00.00 बजे से
सिंह	2.16 बजे से
कन्या	4.28 बजे से

दिन का चौघड़िया

[illegible]

रात का चौघड़िया

[illegible]

चौघड़िया शुभाशुभ- [illegible] m.Jagranjosh.com, Bangalore

लॉफिंग ज़ोन

[illegible]

स्वत्वाधिकारी, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक : नरेश कुमार अग्रवाल द्वारा सवेरा इंडिया टाइम्स, मकान नं.: 13/167, फर्स्ट फ्लोर, डी.सी.बी. बैंक के सामने, टैक्सी स्टेण्ड के पास, नानी दमण संघ प्रदेश फोन : (0260) 6546824, 2262683 से प्रकाशित व सवेरा इन्फोटेक लिमिटेड, श्री कुबेरजी कोर्पोरेटर हाउस, खांडाकुवा रोड, सहारा दरवाजा, सूरत द्वारा मुद्रित। कार्यालय टेली-फैक्स : 91-0261-2613604 (समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के तहत प्रबंध सम्पादक की होगी।) किसी भी विवादों का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।
RNI Reg.No. DDHIN/2000/2588

शब्द पहेली - 5989



बाएँ से दाएँ

[illegible]

ऊपर से नीचे

[illegible]

शब्द पहेली - 5988 का हल



Jagranjosh.com, Bangalore

प्रसंगवश: किताबी ज्ञान

[illegible]